पंजीकरण सं. आर.एन. 40596/83 डाक पंजी. संख्या-जी-3-डी.एल. (एन.)/084/2018-20 प्रकाशितः 15.08.2018 इस अंक का मूल्य 2 रुपये



॥ ओ३म् ॥

# युवा उद्घोष

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् (पंजीकृत) का पाक्षिक शंखनाद

Join—http://www.facebook.com/groups/aryayouth/

कार्यालय : आर्य समाज कबीर बस्ती, दिल्ली-110007, चलभाष : 9810117464, 9868051444

**दानी महानुभावों से अपील**

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के कार्य व गतिविधियों में सहयोग करने हेतु खाता सं. 10205148690 स्टेट बैंक आफ इण्डिया, घन्टाघर, दिल्ली–110007, आई.एफ.एस.कोड - SBIN0001280 पर सीधे भेज कर हमें फोन न. 9810117464 पर एस.एम.एस कर दें जिससे रसीद भेजी जा सके। अग्रिम धन्यवाद सहित।

— अनिल आर्य, मो. 9868051444

वर्ष-35 अंक-6 भाद्रपद-2075 दयानन्दाब्द 194 15 अगस्त से 31 अगस्त 2018 (द्वितीय अंक) कुल पृष्ठ 4 वार्षिक शुल्क 48 रु.

प्रकाशितः 15.08.2018, E-mail : yuva.udghosh1982@gmail.com aryayouthgroup@yahoogroups.com Website : www.aryayuvakparishad.com

# केन्द्रीय आर्य युवक परिषद ने चलाया युवा संस्कार अभियान

## जम्मू कश्मीर से धारा 370 व 35 ए समाप्त करो – अनिल आर्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष






आचार्य सन्दीप जी दर्शनाचार्य का अभिनन्दन करते श्री अनिल आर्य, मा. मनोहरलाल चावला, हरिचन्द स्नेही, हरबंसलाल अरोड़ा, महेन्द्र भाई, प्रवीन आर्या व गुलशनलाल निझावन व द्वितीय चित्र विजय हाई स्कूल के छात्र।

शुक्रवार, 10 अगस्त 2018, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद जिला सोनीपत के तत्वावधान में विजय हाई स्कूल सिक्षा कॉलोनी सोनीपत मे "युवा संस्कार महोत्सव" मनाया गया। समारोह की अध्यक्षता प्रान्तीय प्रभारी श्री मनोहर लाल चावला ने की व कुशल संचालन श्री हरिचंद स्नेही ने किया।

मुख्य अतिथि केन्द्रीय आर्य युवक परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अनिल आर्य ने युवाओं से ईश्वर भक्त बनने का आह्वान किया। उन्होंने राष्ट्र की एकता अखण्डता की रक्षा के लिए जम्मू कश्मीर से धारा 370 व 35 ए अविलम्ब हटाने की केंद्र सरकार से मांग की जिससे वह देश की मुख्य धारा में सम्मिलित हो सके। श्री आर्य ने आंतक वादियों के संरक्षक को भी सख्ती से कुचलने की मांग की।

वैदिक विद्धवान आचार्य संदीप दर्शनाचार्य ने यज्ञ करवाया उन्होंने जीवन को पवित्र व यज्ञ मय बनाने का संकल्प लिया। आचार्य महेन्द्र भाई ने कहा की परिषद देश भर मे युवाओं को संस्कारित करने का अभियान तीव्र गति से चलायेगी। श्री मती प्रवीन आर्या के मधुर भजन हुए।

इस अवसर पर प्रेस सचिव हरबंसलाल अरोड़ा, जिला अध्यक्ष सूर्यदेव शर्मा, मनोहर लाल चावला, हरिचंद स्नेही,संदीप बत्रा, शालिनी चावला, मुकेश बत्रा, महेन्द्र शास्त्री, वीरसेन श्री धर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। 150 बच्चों ने यजोपवित धारण किया। यह युवा संस्कार अभियान सोनीपत मैं 20 अगस्त तक चलेगा जिसमे 8 कार्यक्रम होंगे।

# गाजियाबाद में युवा संस्कार समारोह धूमधाम से सम्पन्न

## 'संस्कारित एवं देशभक्त युवकों का निर्माण करेगा आर्य समाज''– अनिल आर्य





स्वदेशी फार्मेसी हरिद्वार के निदेशक डा.आर.के.आर्य का अभिनन्दन करते श्री अनिल आर्य, आर्य केन्द्रीय सभा गाजियाबाद के प्रधान श्री सत्यवीर चौधरी, विजय आर्य, देवेन्द्र गुप्ता, प्रवीन आर्या, प्रवीन आर्य आदि। द्वितीय चित्र–युवक/युवतियां यज्ञोपवीत धारण करते हुए।

रविवार 12 अगस्त 2018,केन्द्रीय आर्य युवक परिषद उत्तर प्रदेश एवं आर्य समाज के संयुक्त तत्वावधान में नया आर्य नगर,मेरठ रोड में आयोजित युवा संस्कार अभियान के अन्तर्गत युवा संस्कार समारोह में 101 युवकों व युवतियों को यज्ञोपवीत धारण कराया।

समारोह के मुख्य अतिथि श्री अनिल आर्य ने कहा कि सदा से ही युवा पीढ़ी समाज सुधार करती आई है ओर आज भी करना होगा समाज में फैली हर बुराई को दूर करने का बीड़ा उठाना होगा । अब चाहे वे बुराईयाँ दैहिक हों,दैविक हों,मानसिक हों, सामाजिक हों,भौतिक हों या फिर राजकीय हों,आज कल के युवकों को हम शिक्षा तो दे रहे हैं पर दिशा नहीं आज युवकों को सही दिशा का ज्ञान अपने कर्तव्यों का ज्ञान सुचारू रूप से होना बहुत आवश्यक है।उन्होंने कहा कि संस्कारित एवं देश भक्त युवकों का निर्माण आर्य समाज करेगा।

समारोह के मुख्य वक्ता डॉ भगवान देव आचार्य ने कहा की युवा पीढ़ी में नशे की आदत के साथ बढ़ रही है जिससे प्रदेश का भविष्य खतरे में है।

श्रीमती प्रवीण आर्या,कु.सरस्वती, श्री दीनानाथ नागिया और नरेश आर्य द्वारा गाये गए अद्भुत भजनों ने लोगों को झूमा दिया। केंद्रीय आर्य युवक परिषद नंदग्राम शाखा के युवक युवतिओं द्वारा भव्य योग व्यायाम अवं शारीरिक शक्ति प्रदर्शन किया गया जिसकी दर्शकों ने बहुत प्रशंसा की।

यज्ञ के ब्रह्मा श्री महेन्द्र भाई ने यज्ञ उपरांत युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुये कहा कि यज्ञ से त्याग व उपकार की भावना जागृत होती है। इस अवसर पर आर्य केन्द्रीय सभा के प्रधान श्री सत्यवीर आर्य, सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के कोषाध्यक्ष पं. माया प्रकाश त्यागी, परिषद् के प्रांतीय मंत्री प्रवीण आर्य तथा स्वदेशी फार्मेसी के निदेशक डॉ. आर. के आर्य ने अपने विचार रखें।

समारोह को सफल बनाने में सौरभ गुप्ता,त्रिलोक,आशीष सिंह, पिंटू आर्य, प्रगति, राजेंद्र,नरेंद्र आर्य,राजकुमार शास्त्री आदि का विशेष योगदान रहा।

# महर्षि दयानन्द जी द्वारा प्रज्जवलित समग्र राष्ट्रीय उत्थान की क्रान्तिकारी अग्नि मे बलिदान देने वाले कुछ आर्य शहीदो का परिचय

– पं.उम्मेदसिंह विशारद

**नोटः परिचय सूची– "आर्य समाज के बलिदान" नामक ग्रन्थ–(लेखक स्वामी ओमानन्द सरस्वती) से लिया गया है।**

महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने आर्य समाज के दस नियम और उद्देश्य बनाकर संसार के सम्मुख एक सर्वोच्च आर्दश की स्थापना कर दी। छटवे नियम में संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है, अर्थात शारीरिक, आत्मिक, और सामाजिक उन्नति करना–।

महर्षि दयानन्द जी इस युग के निर्माता और विधाता थे। वे आदित्य ब्रह्मचारी, ब्रह्मर्षि सब वेदाडंगो के प्रकाण्ड पंण्डित और महान विद्वान थे। आदर्श वक्ता, निर्मीक और महान लेखक थे। महाभारत के पश्चात इन पांच हजार वर्षो में उनके समान कोई महा–मानव नही हुआ। टूटी हुई ऋषियों की परम्परा को व प्राचीन गुरूवों की परम्परा को महर्षि दयानन्द जी ने पुनः जोड़ दिया। संसार का उपकार करना आर्य समाज का मुख्य उद्देश्य है। शिष्यो और सभी आर्य समाजियों को इस नियम के अनुसार आचरण करने की पवित्र शिक्षा दे गये। आर्य समाज के बेनर तले धर्म व राष्ट्रीय स्वतन्त्रता आन्दोलन में अपने अमूल्य प्राणो व जीवन की बलि चढाकर बलिदान का द्वार खोला दिया। आर्य समाज का इतिहास बलिदानो का इतिहास है। कोहाट के दंगे, मालावर का मोपाला काण्ड नवाखली मे मुसलमानो के अत्याचार और पाकिस्तान बनने पर 1947 के मुस्लिम गुटो के अत्याचारो की कहानी हजारो आर्य वीरो का बलिदान को आज कौन लिख सकता है। इतिहास गवाह है महर्षि दयानन्द की प्रेरणा व आर्य समाज के बैनर तले अस्सी प्रतिशत आर्यो ने अपना बलिदान दिया था और परतन्त्र भारत में स्वतन्त्रता आन्दोलन में अपना महा योगदान दिया था। महर्षि दयानन्द जी कहते हैं, कि जो जितना गहराई से पिछला इतिहास पढेगा उतना ही आगे इतिहास बनायेगा। पूज्य स्वामी ओमानन्द सरस्वती जी द्वारा लिखित ग्रन्थ आर्य समाज के बलिदान" में से कुछ बलिदानियो का परिचय मात्र इस लेख में सुधी पाठको की सेवा में प्रस्तुत कर रहा हूँ।

## स्वतन्त्रता आन्दोलन एवं भारत सुधार मे कुछ आर्य बलिदानियो की सूची

1. श्री दण्डी स्वामी रिजानन्द सरस्वती जी जन्म 1778 ई0 दिवंगत 1868 ई0।
2. महर्षि दयानन्द सरस्वती जी का जन्म 1824 ई0 और बलिदान संबत 1940 वि0।
3. पं गुरूदत्त विद्यार्थी का जन्म 1864 ई0 मुल्तान ग्राम दिवंगत 19 मार्च 1890 ई0।
4. पं धर्मवीर पंडित लेख राम जी का जन्म 1915 संवत वि0 बलिदान 7 मार्च 1897 ई0।
5. स्वामी ब्रद्धानन्द जी का जन्म ग्राम जाताान्धर तलवन सं0 1856 बलिदान 23 दिसम्बर 1926 ई0।
6. अमर हुतात्मा भक्त फूलसिंह जी का जन्म महरारोहतक खेडी सं0 1888 दिवंगत 1942 मुसलमानो की गोली से हुआ।
7. पूज्य पं0 बस्तीराम जी का जन्म तिथी अज्ञात जिला गुरदासपुर, रूडा बलीदान सं0 1930 ई0
8. पंडित तुलसीराम जी का जन्म ति0 अज्ञात स्थान जि0 गुरदासपुर ग्राम रूडा में बलिदान सं0 1903 में
9. वीर रामचन्द्र जी का जन्म सं0 1953 जि0 कठुआ हीरानगर वीरगति 1979 वि0।
10. महाराय राजपाल जी का जन्म सं0 1942 अमृतसर बलिदान 6 अप्रैल 1929 सं0।
11. सरदार धुन्ना सिंह जी का जन्म 1881 ई0 खताला लुधियाना, समाज सुधार करते हुए विरोधियो की लाठियों से दिवंगत।
12. ला0 लोरिन्दाराम जी का जन्म सन 1886 बन्नू बलिदान 6 नवम्बर सं0 1934।
13. विद्यासागर जी जन्म सं0 1975 सोई जि0 जेहलम बलिदान 19–04–1939 ई0
14. हुतात्मा श्यामलाल जी का जन्म 1903 ई0 भालकी हेदराबाद व बलिदान प्रचार करते हुए।
15. भाई वंशीलाल जी का जन्म जि0 बदिर मणिंक नगर अपका बलिदान आर्ष शिक्षा पद्धति करते हुए।
16. हुतात्मा सुनहरा जी का जन्म जिला रोहतक ग्राम वुटाना मे–ओरंगाबाद सत्याग्रह के कारण मुत्यु हई।
17. अमर शहीद परमानन्द जी का जन्म हरद्वार बलिदान सत्याग्रह मे 1–4–1939।
18. महाधन श्री फकीर चन्द जी का जन्म करनाल त0 कैथल मेरधड, मृत्यू 30 जून 1939।
19. ब्रह्मचारी दयानन्द जी का जन्म सं0 1919 हरदोई सुरसाग्राम बलिदान 9 मार्च 1940।
20. अमर शहीद श्री नन्हू सिंह जी का जन्म बुन्देलखण्ड–दिवंगत 25–05–1939 ई0 सं0।
21. लाला नन्द लाल जी का जन्म 1908 लाहौर बलिदान 15 नवम्बर 1927 सं0।
22. श्री शान्ति प्रकाश जी का जन्म संवत 1978 ग्रा0 कलानैर गुरदासपुर दि0 27–03–1939 सं0।
23. चो0 मातुराम जी का जन्म संवत 1946 ग्राम मलिकपुर जि0 हिसार–हेदराबाद सत्याग्रह दि0 28–07–1939।
24. भक्त अरूडामल जी जन्म 1910 मे आर्य समाज में प्रवेश शरीरान्त 9 अगस्त 1939 सं0।
25. श्री रतिराम जी का जन्म ग्राम सावला जि0 रोहतक–दिवंगत 25–08–1939 सं0
26. श्री परमानन्द जी का जन्म 7 अप्रैल 1920 डेरागाजी खां बलिदान 26 मई 1944 सं0
27. साहूकार पालमल जी का जन्म ममटोट फिरोजाबाद दिवंगत मुसलमान द्वारा।
28. देवकीनन्दन जी जन्म जिला कैम्बलपुर मखड् ग्राम–मुसलमानो द्वारा बलिदान।
29. मुरली मनोहर जी का जन्म कन्दहार–बलिदन मुस्लिम पठानो द्वारा निमर्म हत्या।
30. बाबू नारायण सिंह जी जन्म सन 1868 पटना नगर धर्म की वेदी पर बलिदान।
31. श्री छोटेलाल जी का जन्म संवत 1961 में अलालपुर मेनपुरी, हैदराबाद सत्याग्रह से दिवंगत
32. बीरवर बदन सिंह जी का जन्म सन 1921 में सहारनपुर मुजफराबाद सत्याग्रह में दिवंगत 1939 ई0।
33. श्री ठाकुर मल्खान सिंह जी का जन्म रामपुर ग्राम रूडकी स्वतन्त्रता प्रेमी 1 जुलाई 1939 दिवंगत।
34. स्वामी कल्याणानन्द जी जन्म 1874 ई0 मुजफरनगर वेदप्रचार करते हुए दिवंगत।
35. महाधन चौधरी ताराचन्द जन्म संवत 1973 ग्राम लूम्ब मेरठ–दिवंगत 2 सितम्बर 1939 ई0।
36. श्रीयुत अशर्फीलाल जी जन्म 18 वर्ष की आयु में हैदराबद सत्याग्रह से 19 अगस्त 1939 ई0
37. धर्मवार श्री पुरूषोतम जी ज्ञानी जन्म 1867 ई0 देहावसान 26 अगस्त 1939 ई0।
38. हुतात्मा वेद प्रकाश जी जन्म संवत 1827 गुज्जोरी, पायगा, संवत 1934 बलिदान।
39. महाधन धर्मप्रकाश जी जन्म शाके 1339 कल्याणी ग्राम बलिदान 27 जून 1938 ई0।
40. धर्मवीर महादेव 25 वर्ष की अवस्था में 14 जलाई 1938 ई0 को बलिदान।
41. हुतात्मा व्यंकटराव सत्याग्राही जेल में 8.4.1939 बलिदान।
42. श्री विष्णु भगवान–सत्याग्रह में 25–05–1939 को बलिदान।
43. श्री माधवराव सदाशिव राव स्वतंत्रता आन्दोलन में गुलवर्गा जेल 25 मई बलिदान।
44. श्री पाण्डु रंग जी 22 वर्ष की आयु में सत्याग्रह 25 मई 1939 देहावसान–।
45. श्री हुतात्मा राधाकृष्ण जन्म 1953 हैदराबद ईसा मिया बाजार 2–8–1939 को बलिदान।

**नोटः कलेवर बढने के कारणक केवल बलिदानियो के नाम अंकित कर रहे है।**

श्री लक्ष्मरणराव जी, महाधन शिवचन्द, रामाकृष्ण, श्री भीमराव जी श्री माणिक राव जी, श्री सत्यनारायण, श्री महादेव, महाधन अर्जुन सिंह, श्री गोविन्दराव नलन्ना, श्री गोवन्दराव लक्ष्मणराव नलगीर जी, श्री स्वामी सत्यानन्द जी, शहीद पुरूषोत्तम दास मंगनलाल शाह, महाधन खण्डेराव गण्पतराव जगताप, महाधन सदाशिव राव पाठक, महाधन रामनाथ, महाधन नाथूराम जी, वीरवर नारूमल जी, महाधन नेवदराम, श्री भैरो सिंह जी, आर्य वीर, श्री मेघराज जी, श्री जयराम, महाधन राधाकृष्ण, श्रीयुत बृजलाल आर्य, श्री स्वामी स्वतन्यानन्द जी, महाराज, श्री पं वंशीलाला व्यास, श्री स्वामी योगानन्द जी सरस्वती, श्रद्धेय स्वामी ब्रह्ममानन्द जी महाराज, श्री पं विश्वासदास जी, आर्यवीर सुखराम जी, महात्मा सुमेर सिंह जी, चौ0 माईघन, स्वामी नित्यानन्द जी, श्री सुबेदार शिवलाल जी आर्य, श्री शेर सिंह जी, वीर शहीद सुमेर सिंह जी, पो0 किशोरीलाल जी, श्री साधु अजरानन्द जी, विद्वान ब्रह्मचारी पं विक्रम जी, वीर ब्रहमचारी पं हरिशरण जी, ब्र0 नरदेव, ब्र0 विद्यावृत जी, ब्र0 बृहस्पति जी, महाशय धर्मपाल जी आदि–आदि।

<u>निवेदनः</u>–आर्य समाज के राष्ट्रीय, समाजिक उत्थान में बलिदानियों की लम्बी श्रखंला है जिसका एक बहुत बडा ग्रन्थ बन सकता है। गहन स्वध्याय से मुझे यह लगा कि आर्य जगत मे उक्त बलिदानियो को बहुत कम जानते है। स्वमी ओमानन्द जी ने अधिकांश उनका ही नाम दिया है आर्य वीरो के मुख्य 2 बलिदानियो को तो सभी जानते हे। स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर उक्त आर्य बलिदानियो को हम शत–शत नमन करते है।

वैदिक प्रचारक, गढ़ निवास मोहकमपुर,
देहरादून उत्तराखण्ड, मो.–9411512019, 9557641800

# प्रदर्शनः विदेशी घुसपैठिये बाहर निकालो व पं.मायाप्रकाश त्यागी का अभिनन्दन




रविवार, 5 अगस्त 2018, युनाईटेड हिन्दू फ्रन्ट के तत्वावधान में नई दिल्ली के संसद मार्ग पर विदेशी घुसपैठियों को देश से बाहर निकालने की मांग को लेकर श्री जयभगवान गोयल के नेतृत्व में प्रदर्शन किया। आर्य समाज की ओर से परिषद् अध्यक्ष अनिल आर्य, महेन्द्र भाई, प्रवीन आर्या, विवेक अग्निहोत्री भी सम्मिलित हुए। द्वितीय चित्र–रविवार, 12 अगस्त 2018, आर्य समाज, आर्य नगर, गाजियाबाद में सार्वदेशिक सभा के कोषाध्यक्ष पं.मायाप्रकाश त्यागी का अभिनन्दन करते श्री अनिल आर्य,डा.आर.के.आर्य, डा. वीरपाल विद्यालंकार, प्रवीन आर्य, महेन्द्र भाई जी। प्रधान शिक्षक सौरभ गुप्ता ने सुन्दर व्यवस्था सम्भाली।

# साहिबाबाद (गाजियाबाद) में युवा संस्कार समारोह सोल्लास सम्पन्न




शनिवार, 11 अगस्त 2018,आर्य समाज, वृन्दावन गार्डन, साहिबाबाद के सहयोग से युवा संस्कार समारोह सोल्लास सम्पन्न हुआ। आचार्य महेन्द्र भाई जी ने यज्ञ करवाया। जिला मंत्री श्री सुरेश आर्य ने कुशल संचालन किया। प्रान्तीय महामंत्री श्री प्रवीन आर्य के मधुर भजन हुए। श्री कृष्ण कुमार यादव, श्री प्रमोद चौधरी, श्री रामकुमार सिंह आर्य, श्री शिशुपाल आर्य, सोनिया आर्या, श्री सौरभ गुप्ता आदि प्रमुख रूप से उपथित थे।

दिल्ली चलो आर्यो | हम मस्तों मे आन मिले कोई हिम्मत वाला रे | दिल्ली आओ युवकों

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् नई दिल्ली के 40 वें स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में

## राष्ट्रीय आर्य युवा सम्मेलन

रविवार, 9 सितम्बर 2018, प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक

स्थानः योग निकेतन सभागार, रोड न. 78, पश्चिमी पंजाबी बाग,दिल्ली–110026

सभी आर्य युवक सादर आमन्त्रित हैं। दिल्ली के बाहर से आने वाले आर्य युवक अपने आने की सूचना शीघ्र दें जिससे आवास आदि का यथोचित प्रबन्ध किया जा सके। प्रातः नाश्ते,दोपहर भोजन व सायं काल जलपान आदि की सुन्दर व्यवस्था रहेगी। सम्पर्कः सौरभ गुप्ता–9971467978, अरूण आर्य–9818530543, रामकुमार सिंह–9868064422, देवेन्द्र भगत–9958889970, प्रवीन आर्य–9911404423.

दर्शनाभिलाषीः–

| अनिल आर्य | महेन्द्र भाई | धर्मपाल आर्य | रामेश्वर गोयल | दर्शन अग्निहोत्री |
|---|---|---|---|---|
| राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महामन्त्री | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष | स्वागताध्यक्ष | स्वागत मन्त्री |

दीपावली व 135वें महर्षि दयानन्द बलिदान दिवस पर केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् प्रस्तुत करता है

## "भव्य संगीत संध्या"

## एक शाम ऋषि दयानन्द के नाम

वीरवार 8 नवम्बर 2018, सायं 4 बजे से रात्री 8 बजे तक

स्थानः दिल्ली हाट, पीतमपुरा, दिल्ली–110034

आईये, गुरूवर देव दयानन्द को श्रद्धासुमन अर्पित करने सपरिवार, इष्ट मित्रों सहित पंहुचे

दर्शनाभिलाषीः–

| आनन्द चौहान | अनिल आर्य | महेन्द्र भाई | दुर्गेश आर्य | धर्मपाल आर्य |
|---|---|---|---|---|
| संरक्षक | राष्ट्रीय अध्यक्ष | राष्ट्रीय महामन्त्री | राष्ट्रीय मन्त्री | राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष |

## शोक समाचार : विनम्र श्रद्धाजंलि

1. श्री भोजदत बत्रा (आर्य समाज, ऋषि नगर, सोनीपत) का निधन।
2. श्री नरेन्द्र जावा (पति श्रीमती अंजु जावा, प्रशान्त विहार) का निधन।
3. श्री यशपाल भाटिया (आर्य समाज, प्रशान्त विहार) का निधन।
4. श्रीमती प्रकाश मिगलानी (आर्य समाज, पंजाबी बाग एक्स.) का निधन।
5. श्री अमरनाथ गोगिया (प्रधान,आर्य समाज,मॉडल बस्ती) का निधन।

केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् की ओर से

श्रावणी उपाकर्म, स्वतन्त्रता दिवस एवम्

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की

हार्दिक शुभकामनाएं

# परिषद् का श्रावणी पर्व पर युवा संस्कार अभियान : 12 दिन में 60 कार्यक्रम

## राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल आर्य का आर्य समाज की द्वितीय रक्षा पक्ति तैयार करने का आह्वान

## आर्य समाज,वजीर पुर जे.जे.कालोनी,दिल्ली में बच्चों के भव्य कार्यक्रम




रविवार, 12 अगस्त 2018, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में उत्तरी दिल्ली की प्रमुख आर्य समाज, वजीरपुर जे. जे. कालोनी, दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सोल्लास सम्पन्न हुआ। आचार्य प्रेमपाल शास्त्री (प्रधान, आर्य पुरोहित सभा, दिल्ली) ने यज्ञ के सन्देश को जन जन तक पंहुचाने का आह्वान किया। लगभग 100 बच्चों ने यज्ञोपवीत धारण किया। परिषद् अध्यक्ष श्री अनिल आर्य ने आर्य जनता से आह्वान किया कि अपने बच्चों को आर्य समाज के साथ जोड़े तभी आर्य समाज का भविष्य उज्जवल हो सकता है यदि आप लोगों ने द्वितीय रक्षा पक्ति नहीं बनायी तो आर्य समाज का भविष्य क्या होगा यह विचारणीय है। चित्र में–समाज के मंत्री श्री भूदेव आर्य का अभिनन्दन करते आचार्य प्रेमपाल शास्त्री, श्री अनिल आर्य, प्रवीन आर्या, विजय गर्ग, दिनेश आर्य आदि। द्वितीय चित्र में यज्ञ करते युवक/युवतियां। श्री वीरेश आर्य व श्री राधेश्याम आर्य ने सुन्दर प्रबन्ध किया।

# यमुना नगर, हरियाणा व द्वारका दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न




रविवार, 12 अगस्त 2018, गांव पूर्णगढ, रादौर में केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् यमुना नगर, हरियाणा के तत्वावधान में युवा संस्कार समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ, आचार्य अशोक शास्त्री ने यज्ञ करवाया। बच्चों ने देश की एकता अखण्डता की रक्षा की शपथ ली। स्वामी सच्चिदानन्द जी, प्रो. दीपक गौड, अजय बंसल, राजेश कुमार सैनी, यजुवेन्द्र सिंह ने आशीर्वाद दिया व जिला अध्यक्ष सौरभ आर्य ने कुशल संचालन किया। द्वितीय चित्र– शुक्रवार, 9 अगस्त 2018,डी. डी. ए. पार्क, सैक्टर–3, द्वारका, दिल्ली में श्री रमेश आर्य योगाचार्य के कुशल निर्देशन में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न हुआ। श्रीमती प्रवीन आर्या के मधुर भजन हुए व श्री अनिल आर्य ने आशीर्वाद प्रदान किया। कुंवर राजकिशोर सिंह, बृजराज पारिक, मनमोहन गुप्ता, रोहतास यादव आदि प्रमुख रूप से उपथित थे।

# आर्य समाज, रमेश नगर व राजनगर, पालम, दिल्ली का उत्सव सोल्लास सम्पन्न




शनिवार, 11 अगस्त 2018, आर्य समाज, रमेश नगर,दिल्ली का उत्सव सोल्लास सम्पन्न हुआ। आचार्य उषर्वबुध जी के वेद प्रवचन हुए व श्री धीरज कांत के मधुर भजन हुए। परिषद् अध्यक्ष श्री अनिल आर्य ने भी अपने विचार रखे। प्रधान श्री नरेश विग व महामंत्री श्री नरेन्द्र आर्य सुमन ने कुशन संचालन किया। प्रधाना सावित्री खेड़ा, देवेन्द्र शास्त्री, सुरेन्द्र बद्विराजा, ईश कुमारी, सत्यपाल नांरग आदि प्रमुख रूप से उपथित थे।

# सोनीपत, हरियाणा व मंगोलपुरी, दिल्ली में युवा संस्कार समारोह सम्पन्न




रविवार, 12 अगस्त 2018, केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् जिला सोनीपत के तत्वावधान में एस. के.बाल विकास स्कूल में युवा संस्कार समारोह सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ। आचार्य महेन्द्र शास्त्री ने यज्ञ करवाया। श्री मनोहरलाल चावला, श्री हरिचन्द स्नेही, श्री हरबंसलाल अरोड़ा, श्री सूर्यदेव शर्मा आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे। द्वितीय चित्र–केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् मंगोलपुरी, दिल्ली ने एफ ब्लाक पार्क में युवा संस्कार समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न किया। आचार्य महेन्द्र भाई ने यज्ञ करवाया व श्री महेन्द्र टांक ने कुशल संचालन किया। श्री राजेन्द्रसिंह आर्य, कुलवंत सिंह, संजय ठाकुर, राजकुमार बघेल, ललित कुमार, मुरारी लाल शर्मा, विनयप्रताप सिंह व सुजीत चौधरी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

**जहाँ नहीं होता कभी विश्राम, आर्य युवक परिषद है उसका नाम**

सम्पादक: **अनिल कुमार आर्य** द्वारा केन्द्रीय आर्य युवक परिषद् के लिए **मंयक प्रिटर्स**,2199/63, नाईवाला, करोलबाग, दिल्ली–5 दूरभाष : 41548503 मो. : 9810580474 से मुद्रित व परिषद् कार्यालय आर्य समाज टी–176–177, कबीर बस्ती, दिल्ली–7 से प्रकाशित, **प्रबन्धक** : दिनेश आर्य, मोबाइल : 9911587765, देवेन्द्र भगत, मोबाइल : 09958889970